**संख्या-320/2021/363ई/23-11-2021-1/2(74)/18टीसी**

प्रेषक,

राजेश कुमार पाण्डेय,
अनु सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

प्रमुख अभियन्ता (विकास) एवं विभागाध्यक्ष,
लोक निर्माण विभाग,
उ0प्र0 लखनऊ।

**लोक निर्माण अनुभाग-11** **लखनऊ : दिनांक 25 मार्च, 2021**

**विषय:-** वित्तीय वर्ष 2020-21 में रेल उपरिगामी सेतु निर्माण के चालू कार्यो पर धनावंटन के संबंध में।

---

महोदय,

उपर्युक्त विषयक मुख्य अभियन्ता (सेतु), लोक निर्माण विभाग लखनऊ के पत्र संख्या-16सा0/रेल उपरिगामी योजना(नये कार्य)/2020, दिनांक 19-03-2021 के संदर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि रेल उपरिगामी सेतु निर्माण के 02 चालू कार्यो पर वित्तीय वर्ष 2020-21 में कुल रू0 3409.90 लाख (रू0 चौतीस करोड़ नौ लाख नब्बे हजार मात्र) का धनावंटन निम्नलिखित विवरण/शर्तो सहित किये जाने की श्री राज्यपाल सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते है:-

(धनराशि रूपये लाख में)

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | कुल लागत | सेतु निगम का अंश | अब तक आवंटन | अवमुक्त धनराशि | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | अनु0 सं0-57 | अनु0 सं0-83 | योग |
| 1 | जनपद लखनऊ में उत्तर रेलवे के आलमनगर-उतरेटिया (बाईपास) रेलवे लाइन के बंगला बाजार-बिजनौर मार्ग पर स्थित सम्पार संख्या-5सी/2-ई डीओएच पर 04 लेन रेल उपरिगामी सेतु का निर्माण। | 12190.55 | 11060.52 | 1200.00 | **1969.75** | **530.25** | **2500.00** |
| 2 | जनपद आगरा में सदर तहसील में ईदगाह रेलवे स्टेशन के निकट ईदगाह-बयाना रेल सेक्शन के ऊपर से होते हुए अर्जुन नगर की तरफ बने एलिवेटेड रेल सेक्शन (नई दिल्ली-आगरा कैन्ट) के पास रेल उपरिगामी सेतु का निर्माण। | 4929.97 | 4926.97 | 700.00 | **868.14** | **41.76** | **909.90** |
| | योग:- | | | | **2837.89** | **572.01** | **3409.90** |

(1) प्रश्नगत चालू कार्यो हेतु आबंटित धनराशि का व्यय/उपयोग वित्त विभाग द्वारा निर्गत आदेशों/ज्ञापों में उल्लिखित शर्तो के अनुसार बजट मैनुअल एवं वित्तीय हस्त पुस्तिका के नियमों, स्थाई आदेशों आदि का अनुपालन सुनिश्चित करते हुए किया जायेगा तथा किसी भी दशा में प्रश्नगत कार्य हेतु आबंटित धनराशि का उपयोग किसी अन्य मद में नहीं किया जायेगा।

(2) प्रश्नगत कार्यो हेतु आबंटित धनराशि का उपयोग शीघ्रातिशीघ्र सुनिश्चित किया जाय। कार्य सम्पादन के अनुरूप उपयोगिता प्रमाण-पत्र/कार्यो के सपंरिक्षित लेखा ससमय शासन को उपलब्ध करा दिया जाय।

(3) उपरोक्त परियोजनाओं के सम्बन्ध में प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति विषयक मूल शासनादेश की शेष शर्ते एवं प्रतिबंध यथावत लागू रहेगी।

(4) प्रश्नगत कार्यो पर अनुदान संख्या-57 से समानुपात से अधिक धनराशि इस शर्त के साथ अवमुक्त की जा रही है कि इन कार्यो पर समानुपात के रूप में अपेक्षित अनुदान संख्या-83 की धनराशि का समायोजन यथासमय सुनिश्चित किया जायेगा।

http://shasanadesh.up.nic.in

2- प्रश्नगत कार्य पर होने वाला व्यय चालू वित्तीय वर्ष 2020-21 के आय-व्ययक की अनुदान सं0-57 के लेखाशीर्षक-5054-सड़को तथा सेतुओं पर पूंजीगत परिव्यय-04-जिला तथा अन्य सडके-101-पुल-05-रेलवे उपरिगामी सेतु-0517-रेलवे उपरिगामी/अधोगामी सेतुओं के निर्माण के नये कार्यो के लिये एकमुश्त व्यवस्था-24-वृहत निर्माण कार्य तथा अनुदान संख्या-83 लेखाशीर्षक-5054-सडकों तथा सेतुओं पर पूंजीगत परिव्यय-04-जिला तथा अन्य सडके-789-अनुसूचित जातियों के लिये विशेष घटक योजना-19-रेलवे उपरिगामी/अधोगामी सेतुओं के निर्माण के नये कार्यो के लिये एकमुश्त व्यवस्था-24-वृहत निर्माण कार्य के नामे डाला जायेगा।

3- यह आदेश वित्त विभाग के शासनादेश संख्या-1/2021/बी-1-141/दस-2021-231/2020 दिनांक 20-01-2021 एवं शासनादेश संख्या-04/2020/बी-1-192/दस-2020-231/2020, दिनांक 07-04-2020 में प्रतिनिधानित अधिकारों के अधीन जारी किया जा रहा है।

भवदीय,

(राजेश कुमार पाण्डेय)
अनु सचिव।

**<u>संख्या-320/2021/363ई(1)/23-11-2021-तद्दिनांक</u>**

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1- निजी सचिव, मा0 उप मुख्यमंत्री, लोक निर्माण विभाग, उ0प्र0।
2- महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0 प्रयागराज।
3- महालेखाकार (लेखा-परीक्षा) प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0 प्रयागराज।
4- सम्बन्धित मण्डलायुक्त/जिलाधिकारी।
5- मुख्य अभियन्ता (सेतु) लोक निर्माण विभाग लखनऊ।
5- प्रबन्ध निदेशक, उ0प्र0 राज्य सेतु निगम लि0, लखनऊ।
6- निदेशक, स्थानीय निधि, लेखा परीक्षा विभाग, उ0प्र0 प्रयागराज।
7- वित्त नियंत्रक, लोक निर्माण विभाग, लखनऊ।
8- सम्बन्धित मुख्य अभियन्ता, लोक निर्माण विभाग।
9- वित्त व्यय (नियंत्रण) अनु0-8/वित्त आय-व्ययक अनु0-1, उ0प्र0 शासन।
10- राज्य योजना आयोग-1/2, उ0प्र0 शासन।
11- अधीक्षण अभियन्ता नियोजन/परियोजना, लोक निर्माण विभाग, लखनऊ।
12- लोक निर्माण अनुभाग-1/9/10/12 एवं 14, उ0प्र0 शासन।
13- डाटा सेल, लोक निर्माण विभाग, उ0प्र0 शासन।
14- गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(राजेश कुमार पाण्डेय)
अनु सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in